卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 194 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦ 24 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## आग की भेंट चढ़ी पेन्ट की दुकान

### किच्छा रोड पर देर रात हुआ भीषण अग्निकाण्ड, एक करोड़ से अधिक का नुकसान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर राधा स्वामी सत्संग के सामने स्थित पेंट व प्लाईवुड की एक दुकान में भड़की आग से डेढ़ करोड़ रूपये से भी अधिक का सामान जलकर राख हो गया। दुकान स्वामी ग्राम भमरौला निवासी सुभान रहमान पुत्र मोहम्मद तारिक ने बताया कि उसकी किच्छा मार्ग पर रहमान पेन्टर एण्ड प्लाईवुड के नाम से दुकान है। गत देर सायं वह दुकान बंद कर घर गया था कि रात्रि करीब 9 बजे उसके पड़ौसी दुकानदार ने सूचना दी कि दुकान से धुंआ निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा जहां आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी उसने बताया कि सूचना देने पर दमकल के पांच वाहनों ने चार घण्टों की कड़ी मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया। अग्निकाण्ड की इस दुर्घटना में दुकान में रखा पेन्टस सामान,हार्डवेयर का सामान,प्लाईवुड, गीजर, 25 से 30 हजार के पेन्टस कूपन, करीब 7 हजार रूपये की नगदी राख हो गई। सुभान ने इस घटना में लगभग डेढ़ करोड़ रूपये से ऊपर का नुकसान होना बताया। अग्निकाण्ड की जानकारी मिलने (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक खाई में गिरने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

रानीखेत (उद संवाददाता)। भतरौज खान के पास एक ट्रक अनियंत्रत होकर खाई में गिर गया। हादसे में एक की मौत हो गयी जबकि ट्रक में सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। रेस्क्यू टीम ने खाई में पहुंचकर बमुश्किल शव और



घायल को खाई से बाहर निकाला। घायल की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह रानीखेत रामनगर मार्ग पर सोनी डाट से आगे भतरोज खान के पास एक ट्रक संख्या यूपी 21 सीटी 4709 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त ट्रक में दो लोग सवार थे। खाई में गिरे ट्रक के बुरी तरह परखच्चे उड़ गये। घटना की जानकारी आस-पास मौजूद लोगों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा के व्यापारी नेता को पत्नी ने प्रेमिका संग रंगरेलियां मनाते पकड़ा


रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित मैट्रोपोलिस कालौनी में किच्छा के व्यापारी नेता को उसकी पत्नी ने प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस दौरान पत्नी ने व्यापारी नेता की जमकर पिटाई भी की। भारी हंगामे के बीच पहुंची मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को किच्छा व्यापार मण्डल से जुड़ा व्यापारी नेता रुद्रपुर के सिडकुल क्षेत्र में मैट्रोपोलिस कालौनी के फ्लैट में अपनी प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मना रहा था। इसकी भनक व्यापारी नेता की पत्नी को लग गई, सूचना मिलते ही व्यापारी नेता की पत्नी मौके पर पहुंची तो व्यापारी नेता को रंगरेलिया मनाते देख उसका पारा चढ़ गया। इसके बाद पत्नी ने पति और उसकी प्रेमिका की जमकर खबर ली। हंगामे के चलते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सिडकुल चौकी इंचार्ज ने बताया कि सूचना पर चीता पुलिस मौके पर पहुंची और पति पत्नी को चौकी ले आई। चौकी इंचार्ज ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीलिंग भूमि की हो रही बंदरबांट: बेहड़



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई क्षेत्र में शासन प्रशासन के संरक्षण में कुछ कालोनाईजर सीलिंग भूमि को हड़पने के कार्य में जुटे हुए हैं। यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों के रूबरू होते किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि आज कई स्थानों पर कुछ कालोनाईजर सीलिंग की भूमि की बंदरबांट कर अवैध रूप से कालोनियां काटने में जुटे हुए हैं। जिनमें सत्तारूढ़ दल के कुछ नेता व प्रशासनिक अधिकारी भी हिस्सेदार हैं। उन्होंने कहा कि एक कालोनाईजर एक ही प्लॉट को कई बार बेच कर लोगों की मेहनत की कमाई के लाखों रूपये हड़प रहा है। पीड़ित व्यक्ति शासन प्रशासन की चौखट पर न्याय के लिए भटक रहे हैं लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्री बेहड़ ने कहा कि वर्तमान में फाजलपुर की सीलिंग भूमि का मामला काफी चर्चाओं में है। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति ने तराई को बसाने में अहम भूमिका निभाई उसी के कुछ परिजन निजी स्वार्थ के चलते सत्ता का सहारा लेकर सीलिगं भूमि को सीलिंग से बाहर करने की कोशिश में लगे हुए हैं। जबकि वहां पर पहले से बसे लोगों को मालिकाना हक दिया जाना चाहिए। अपने हक की रक्षा के लिए यहां के निवासी न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजपुर के 20 गांव के लोग भी न्याय के लिए वर्षों से आन्दोलन कर रहे हैं। श्री बेहड़ ने कहा कि लालपुर व किच्छा क्षेत्र की सीलिंग भूमि पर कालोनाईजरों निगाह लगी हुई है। जिसके लिए प्रदेश सरकार, सत्तारूढ़ दल के कुछ नेता, क्षेत्र के प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी पूरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## दम्पत्ति से मारपीट की आरोपी एसआई को हाईकोर्ट ने किया तलब



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा कोतवाली में सुरक्षा को लेकर गये नवविवाहित दम्पत्ति और उसके परिजनों के साथ महिला एसआई द्वारा की गई अभद्रता और मारपीट के मामले में उच्च न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी करते हुये घटना दिवस की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। विदित हो कि किच्छा निवासी रवि रस्तोगी ने यही निवासी युवती के साथ उसके परिजनों की रजामंदी के खिलाफ विवाह रचाया था। रवि रस्तोगी ने युवती के परिजनों से अपनी और अपनी पत्नी की जान को खतरा बताते हुये उच्च न्यायालय में एक रिट डालते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश पंकज पुरोहित और न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने मामले का संज्ञान लेते हुये किच्छा कोतवाल को उक्त दोनों को सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया था। गत 6 अप्रैल को जब उच्च न्यायालय का आर्डर लेकर रवि रस्तोगी अपनी पत्नी, बहन राधा रस्तोगी और मॉ सीमा चौहान के साथ किच्छा कोतवाली पहुंचा तो वहां मौजूद महिला एसआई रीनी चौहान ने उच्च न्यायालय के आर्डर की कॉपी को फैंक कर उक्त जनों से अभद्रता शुरू कर दी थी। रवि रस्तोगी द्वारा जब उसे उच्च न्यायालय का आर्डर बताते हुये पुनः उसके हाथ में कापी दी तो गुस्साई महिला एसआई ने उसे (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमरे में फांसी पर युवती का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भारत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और यू होने कमरा खुलवाकर युवती के शव को अपने कब्जे में लिया। शव से तीखी दुर्गंध आने से आशंका व्यक्त की जा रही है कि शव कुछ दिन पुराना है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई, कि कृष्णा कॉलोनी में एक कमरा बाहर से बंद है, कमरे से काफी बदबू आ रही है। सूचना मिलने पर निरीक्षक भारत सिंह, एस आई जगत शाही, गोल्डी घिल्डियाल, नेहा ध्यानी व अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में एक लड़की का शव पंखे से लटका हुआ है । लड़की का शव पंखे से फंदा काटकर नीचे उतरवाया गया । शव से काफी दुर्गंध आ रही है, फर्श पर काफी खून पड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष ने बताया कि कमरे में मिले कागजात के आधार (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘बहिष्कार’ के बाद हरकत में ‘धामी ‘सरकार’

### मुख्यमंत्री ने तलब की बहिष्कार करने वाले गांवों की रिपोर्ट, समस्याओं के त्वरित निदान के दिए निर्देश,निर्देश प्राप्ति के बाद एक्शन मोड में सभी जिला अधिकारी

-अर्श-



रूद्रपुर। एक लंबे अरसे से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे सूबे के अनेक इलाकों के ग्रामीणों द्वारा आम चुनाव का बहिष्कार किए जाने के बाद,अब जाकर कहीं धामी सरकार प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार हरकत में आई है ।बताना होगा कि सूबे के मुखिया ने विगत 19 अप्रैल को संपन्न हुए मतदान में हिस्सा न लेने वाले सभी गांव की रिपोर्ट तलब की है। ज्ञात हो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बहिष्कार करने वाले गांवों संबंध में यह जानकारी खास तौर पर मांगी है कि किस गांव में किसी समस्या के कारण ग्रामीणों को आम चुनाव के मतदान से किनारा करने को मजबूर होना पड़ा। लिहाजा अब इस बात की संभावनाएं अच्छी खासी बढ़ गई है कि संबंधित ग्रामीणों को शायद अब उन समस्याओं से निजात मिल जाए, जिसके चलते उन्हें मतदान का बहिष्कार करने को विवश होना पड़ा। गौर तलब है कि 19 अप्रैल को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट पर एक साथ मतदान कराया गया था जिसमें मतदान का प्रतिशत केवल 57.24 प्रतिशत तक ही पहुंच सका, जो पिछले चुनाव की तुलना में काफी कम है।मतदान प्रतिशत में आई इस कमी की एक मुख्य वजह वोटिंग के बहिष्कार के ऐलान को भी माना जा रहा है । सो ,अब राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने वाले गांवों की रिपोर्ट मांगी है और प्रमुख सचिव आरके सुधांशु को इन सभी गाँवों की नाराजगी की वजह तलाशने और उसपर त्वरित कार्रवाही करने के निर्देश दिए हैं। बताते चले की उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के कई गांवों में मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की मांग पूरी न होने के कारण उपरोक्त गाँवों के मतदाताओं द्वारा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट बताती है कि इस बार चुनाव में प्रदेश के 35 से अधिक गांवों के लोगों ने मतदान का पूर्ण बहिष्कार किया है। इन गांवों में अधिकांश लोग सड़कों के अभाव के कारण नाराज है। कई क्षेत्रों में कई साल पहले स्वीकृत सड़कों का निर्माण अब तक नहीं हुआ है। लोगों के धरने, ज्ञापन और प्रदर्शन करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर इस बार लोगों मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। हालांकि चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासन के प्रतिनिधियों ने उक्त गांव के मतदाताओं को समझने बुझाने की कोशिश की थी, लेकिन मतदाताओं ने गहरी नाराजगी कारण मतदान केंद्र का रुख नहीं किया। मतदान का बहिष्कार करने वाले प्रमुख इलाकों की मुख्य समस्याओं पर दृष्टिपात करें ,तो मसूरी में क्यारा धनोल्टी मोटर मार्ग का शिलान्यास तो 2019 में हो चुकने के बावजूद इस मार्ग का निर्माण कार्य अब तक आरंभ नहीं हो सका ।जिसके चलते संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं में गहरी नाराजगी थी। इसी तरह पिथौरागढ़ के धारचूला में साइपोलू बूथ पर भी ग्रामीणों ने सड़क न बनने से पूरी तरह से चुनाव बहिष्कार किया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य तो यह है कि इस इलाके (शेष पृष्ठ सात पर)

# जिला बार एसोसिएशन के दस पदों के लिए पड़े वोट





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर की वर्ष 2024-2025 की कार्यकारिणी हेतु आज मतदान हुआ जिसमें दोपहर तक कुल 588 मतो में से लगभग 300 मतदाताओं द्वारा अपने मतों का उपयोग किया जा चुका था। मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दिवाकर पाण्डेय, प्रीतम लाल, वीरेन्द्र कुमार गोस्वामी व संजीव फौगाट के मध्य, उपाध्यक्ष पद के लिए अखलाक अहमद, कृष्ण चन्द्र, धर्मेन्द्र शर्मा के मध्य, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पद के लिए विष्णु कुमार मंडल व शिव कुमार शर्मा के मध्य, सचिव पद के लिए आरएस रावत, सर्वेश कुमार सिंह व जसवंत सिंह के मध्य, उप सचिव पद के लिए हरप्रीत सिंह, विकास तिवारी, हरवंश लाल व गिरीश चतुर्वेदी के मध्य, कोषाध्यक्ष पद के लिए पावेल कठायत व सर्वेश बाबू के मध्य, लेखा परीक्षक पद के लिए आशीष त्रिपाठी व गिरिराज कुमार के मध्य, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए प्रणवेश कुमार, व गौरव मिडढ़ा के मध्य, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए अमित छावड़ा, अखिलेश कुशवाहा, श्रीमती माया शर्मा के मध्य तथा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए जयप्रकाश गंगवार, संजीत बढ़ई, विश्वजीत विश्वास, परविन्दर सिंह के मध्य मुकाबला हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान कराया जायेगा तथा कल 25 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। चुनाव को लेकर सभी अधिवक्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रचार करते दिखाई दिये। चुनाव निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए हाईकोर्ट से आब्जर्बर के रूप में मेहरबान सिंह कोरंगा उपस्थित रहे। वहीं चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह डंग, जगदीश बिष्ट, कुलबीर सिंह ढिल्लो, विजय कुमार, सतपाल सिंह व चंचल बाला, चुनाव सहायक सुरजीत कौर, सुभाषिनी देवी व सीपी सिंह आदि ने सहयोग किया।

# मासूम का गला रेतने वाला आरोपी नौकर गिरफ्तार

काशीपुर। जूस विक्रेता मो. नदीम के 13 साल के बेटे अहद का गला रेतने के मामले में पुलिस ने आरोपी नौकर आशु को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार नदीम की पत्नी ने आशु को शराब पीने पर डांटा था। इसी से नाराज होकर उसने मासूम को जान से मारने की कोशिश की। मंगलवार को एसपी अभय सिंह और सीओ अनुषा बडौला ने के अनुसार आशु ने पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदी है और नदीम के साथ जूस की दुकान में काम करता है। 21 अप्रैल को नदीम की पत्नी ने उसे शराब पीने को लेकर डांटा तो उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंच गई। उन्हें सबक सिखाने के लिए वह उनके 13 साल के बेटे अहद को को घुमाने के बहाने से अपने साथ ले गया। चौती चौराहे के पास से शराब



खरीदकर पीने के बाद उसने अहद का चाकू से गला रेता और उसे शराब के ठेके के पास झाड़ियों में छोड़ दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में फेंका चाकू भी बरामद कर लिया। आरोपी के विरुद्ध केस में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, हेड कांस्टेबल शेखर बनकोटी आदि शामिल रहे। गौरतलब है कि सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मो. नदीम ने आईटीआई थाने में सौंपी तहरीर में कहा कि उसने चौती मेले में जूस की दुकान लगाई है। उसके साथ रहमानी चौक हबीब गढ़ रोड (सहारनपुर) निवासी आशु भी काम करता है। 21 अप्रैल की रात आठ बजे आशु उसके 13 माह के बेटे अहद को खिलाने की बात कहकर ले गया और देर रात तक नहीं लौटा। फोन करने पर उसने थोड़ी देर में आने की बात कही। इसके बाद नदीम ने चौती मेला चौकी को सूचना दी तो पुलिस के कहने पर रात लगभग तीन बजे आशु आया और कहने लगा कि वह बच्चे को ले ही नहीं गया। सख्ती से पूछताछ में उसने अहद को चौती चौराहे के पास शराब के ठेके पर छोड़ने की बात कही लेकिन वहां जाने पर बच्चा नहीं मिला। 22 अप्रैल की सुबह पुलिस ने नदीम को बताया कि अहद मिल गया है और उसकी गर्दन कटी हुई है।

# रूड़की में युवक की गोली मारकर हत्या

रूड़की। खेत में पानी आने के विवाद को लेकर दो पक्षों में पहले गाली-गलौज हुई। उसके बाद लाठी-डंडे चल गए। वहीं एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके से लाठी-डंडे और खोखा बरामद किया है। एसएसपी और एसपी देहात ने मौके का मुआयना किया। नारसन कस्बा स्थित कुवाहेड़ी रोड पर एक मकान है। मकान से लगे हुए खेत हैं। खेत के बीच में नाली बनी हुई है। नाली के दोनों तरफ अलग-अलग पक्षों के खेत हैं। खेत के पास में भरत का घर है, वह आरओ का काम करता है। साथ ही खेती भी करता है। नाले में आ रहा पानी दूसरे पक्ष के खेत में चला गया था। वह मौके पर पहुंचे और अपने खेत में पानी देख भरत और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज कर दी। उन्होंने विरोध किया तो लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मामला यहीं नहीं थमा। दूसरे पक्ष के लोगों ने भरत की कमर पर तमंचा तान दिया और गोली चला दी। गोली भरत के शरीर के आरपार हो गई। उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलौर कोतवाल




अमर चंद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके से लाठी-डंडे और 315 बोर तमंचे का खोखा बरामद किया है। जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और एसपी देहात एसके सिंह ने भी मौके का मुआयना किया। एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में युवक की हत्या की गई है। युवक को एक गोली लगी है। मौके पर जाकर जांच की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक भरत के पिता बृजवीर सिंह का भी करीब 24 वर्ष पहले क्षेत्र के ही कुछ लोगों के साथ विवाद चल रहा था।

# उत्तराखंड में अब अगले साल होंगे 38वें राष्ट्रीय खेल

देहरादून। उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल अब अगले साल होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ चाहता है कि खेलों में बड़े खिलाड़ी शामिल हों इसके लिए इन खेलों को अगले साल वर्ष 2025 में कराया जाए। विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने भी इसकी पुष्टि की है। उनका कहना है कि भारतीय ओलंपिक संघ ने मौखिक रूप से इसकी जानकारी दी है। उत्तराखंड 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए पूरी तरह से तैयार है। विभाग की ओर से पिछले काफी समय से इसकी तैयारी की जा रही है। पिछले साल नवंबर 2023 में गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों के समापन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड को भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज सौंप चुकी हैं। जिसे राष्ट्रीय खेल सचिवालय में रखा गया है लेकिन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक होने हैं। खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय खेलों को लेकर नियम है कि ये हर दो साल में आयोजित होंगे। जिस साल ओलंपिक या एशियन खेल होंगे उस साल राष्ट्रीय खेल नहीं होंगे लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह व्यवस्था गड़बड़ाई है। गुवाहाटी में 2002 में जो राष्ट्रीय खेल होने थे, वे 2007 में हुए। 2004 में झारखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल वर्ष 2011 में हुए जबकि 2006 में केरल में जो राष्ट्रीय खेल होने थे वे 2015 में हुए थे। उत्तराखंड को भी राष्ट्रीय खेलों का आवंटन 2014 में वर्ष 2018 के लिए हुआ था। तब निर्णय लिया गया था कि देहरादून और हल्द्वानी में केरल की तर्ज पर प्रीफेब्रिकेटेड खेल गांव का निर्माण किया जाएगा। इसका उपयोग राष्ट्रीय खेलों के अलावा आपदा राहत, पुलिस व्यवस्था आदि के लिए भी किया जा सकेगा लेकिन उत्तराखंड में विभिन्न कारणों से राष्ट्रीय खेल टलते रहे हैं। उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज मिलने और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेलों के लिए हाईपावर कमेटी गठित होने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि इस साल अक्तूबर के तीसरे सप्ताह से नवंबर के दूसरे सप्ताह के बीच राष्ट्रीय खेल शुरू होंगे। विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा के मुताबिक विभाग राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार है। विभाग की ओर से राष्ट्रीय खेलों की तिथि तय करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ को पत्र लिखा गया है। कहा गया है कि इसके लिए दो नवंबर की तिथि तय कर दी जाए, लेकिन दो महीने बाद भी भारतीय ओलंपिक संघ से लिखित में कुछ नहीं आया। आईओए की ओर से अब मौखिक रूप से कहा गया है कि इस साल राष्ट्रीय खेल नहीं होंगे।

# जंगल में लगी आग से वन संपदा को भारी नुकसान

नैनीताल। गर्मी के साथ ही पहाड़ के जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। भीमताल, धारी, ओखलकांडा, रामगढ़ और बेतालघाट के गांवों में आग लगने से कई हेक्टेयर जंगल में लगी वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। मंगलवार को धारी के महतोलिया गांव और नगदल के जंगल में अचानक आग लग गई। आग से चीड़, बांज, काफल, देवदार, बुरांश समेत अन्य प्रजातियों के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। देर शाम तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। इधर, खैरना-रातीघाट स्टेट हाईवे पर कनवाड़ी की पहाड़ी में आग लगने से पहाड़ी के पत्थर सड़क पर गिरते रहे। जिससे वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बेतालघाट में थुवा समेत अन्य जंगलों में भी आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। इधर, कालाढूंगी में रामनगर वन विभाग के अंतर्गत आने वाले फतेहपुर, कालाढूंगी व देचौरी रेंज में विगत कई दिनों से लगी आग से कई हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गए। एसडीओ किरण शाह ने बताया कि अभी तक फतेहपुर रेंज में आठ जगहों पर लगी आग से चार हेक्टेयर जंगल, कालाढूंगी रेंज के अंतर्गत चार जगह में लगी आग से दो हेक्टर जंगल के साथ ही देचौरी में कुछ स्थानों पर आग लगने से जंगल जलकर राख हो गए।

# तीर्थयात्रियों को यात्रा मार्ग पर मिलेंगी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं

## स्वास्थ्य सचिव डॉ.आर.राजेश कुमार ने दी तैयारियों की जानकारी, यात्रा मार्ग पर 50 स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाए,डॉक्टरों व अन्य मेडिकल स्टाफ की तैनाती होगी




देहरादून (उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने मंगलवार को चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सचिवालय में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार यात्रा को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हरसंभव तरीके से प्रयासरत है। पर्यटन विभाग की वेबसाइट में हेल्थ पैरामीटर का कॉलम भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार तीर्थयात्रियों को यात्रा मार्ग पर पहले से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। बदरीनाथ व केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में स्थापित किये गए अस्पतालों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त उपकरणों की खरीद शुरू हो गई है। जल्द उपकरण अस्पतालों में पहुंच जाएंगे। डॉ.आर. राजेश कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए एसओपी 11 भाषाओं में तैयार की गई है। उन्होंने अवगत कराया कि बाहरी राज्यों को एसओपी भेज दी गई है। जिससे दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालु अपनी भाषाओं में स्वास्थ्य संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए यात्रा मार्ग पर 50 स्क्रीनिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। इसमें तीर्थयात्रियों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह सहित 28 पैरामीटर की जांच की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस बार सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को पत्र लिखकर चारधाम यात्रा में कार्य करने को इच्छुक डॉक्टरों के संबंध में जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही राज्य के डॉक्टरों व अन्य मेडिकल स्टाफ की तैनाती यात्रा शुरू होने से पूर्व हो जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ के साथ ही यहां पर आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती भी की जाएगी। इसके साथ ही मेडिकल रिलीफ प्वाइंट में दवाओं का स्टॉक, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य सामान सहित सभी जरूरी उपकरण मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने एसओपी में यात्रियों को सलाह दी गई है कि कम से कम 7 दिन के लिए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह से ग्रसित यात्री जरूरी दवा और डॉक्टर का नंबर अपने पास रखें। केदारनाथ मार्ग में विभाग द्वारा हेल्थ एटीएम की स्थापना के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि सभी जिलों के सीएमओ, सीएमएस को इस संबंध में निर्देशित कर दिया गया है। हेल्थ एटीएम में ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा आदि की जांच की जाएंगी। हेल्थ एटीएम में कार्य करने वाले तकनीकी स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है। डॉ. आर.राजेश कुमार ने कहा तीर्थयात्रियों के लिए टेलीमेडिसिन सेवा की भी सुविधा रखी गई है। इसके द्वारा किसी भी प्रकार की गंभीर स्थिति में 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह प्राप्त की जा सकती है। जिससे बीमारी का तुरंत उपचार शुरू हो सकेगा। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि किसी भी यात्री को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने चारधाम यात्रा ड्यूटी में तैनात होने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों को पूर्ण सेवाभाव और मनोयोग से यात्रियों की स्वास्थ्य जांच व सहयोग करने की अपील की।

# पशुओं को क्रूरता से बचाने के लिए चलाया जागकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पशु क्रूरता अधिनियम रोकथाम और जीव जन्म नियंत्रण 2023 नियमावली को लेकर पशु प्रेमियों ने शहर में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य एनिमल एक्टिविस्ट प्रथम बिष्ट ने बताया कि मेट्रोपोलिस और ओमैक्स में नारी शक्ति और समाज सेवी अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा अध्यक्ष मीना सिंह ,किरण कार्की, मेघना,वेदिका, विनोद, सौम्या आदि जीव हित में समय निकाल कर सेवा दे रहे हैं । श्रीमती मीना सिंह, सोसाइटी पदाधिकारी विक्रांत फुटेला ,देवेंद्र साही ,सुनील शुक्ला बीरपाल के साथ एनिमल एक्टिविस्ट गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे जन्मनियंत्रण नियमावली/एंटी रेबीज और फीडिंग पॉइंट के साथ साथ पशु क्रूरता जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा की गयी। विक्रांत फुटेला ने अभियान की सराहना की। इस दौरान प्रथम बिष्ट ने बताया कि आज संसार में पशुओं का



उत्पीड़न जिस तरह से किया जा रहा है उसे देखकर किसी भी भावनाशील का हृदय दया से भरकर कराह उठता हैं। पशुओं पर होने वाला अत्याचार मानवता पर कलंक है। समस्त प्राणी-जगत में सबसे श्रेष्ट कहे जाने वाले मनुष्य का पशुओं के साथ क्रूरता करना कहाँ तक जायज है। मनुष्य का धर्म है कि वह अपने छोटे जीव-जन्तुओ पर दया करे, उन्हें कष्ट से बचाए, पाले और रक्षा करे। मनुष्य पशु पर कितना और किस किस प्रकार से अत्याचार और उत्पीड़न करता है, इसको आये दिन सामान्य जीवन में देखा जा सकता है। कोई भोजन देने के लिए लोगों से मना करता है तो कोई उन्हें डंडे से पीटने का भी प्रयास करता हैं जबकि किसी पशु को मारना या तंग करना और उसे हटाना या भगाना प्रताड़ित करना अथवा जान से मारना ऐसा कोई भी काम जिस से उसे पीड़ा पहुँचे पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 (PCA act 1960 section 11) एवम् भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (IPC 429) के तहत एक दण्डनीय अपराध हैं । इसी को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया गया हैं जिसका लक्ष्य पशुओं पे हो रही क्रूरता को रोकना है। जिसके तहत स्थानीय लोगों को पशु क्रूरता कानून के लिए सतर्क किया जा रहा है जागरूकता के लिए बोर्ड लगाए गये हैं । इस दौरान विक्रांत फुटेला,सुनील सुक्ला,ममता जीना,किरण कार्की,मीना सिंह ,हिमांशु, अरुण चुघ,सुशील भट्ट आदि मौजूद रहै।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


## वनाग्नि की घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाए : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों से दो टूक कहा कि वनाग्नि की घटनाओं पर सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सीएम ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में मतदान खत्म होते ही सीएम धामी एक्टिव मोड में आ गए हैं। गर्मी का सीजन शुरू होते ही पहाड़ों में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ जाती है है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में वनाग्नि की दृष्टि से समय बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। वनाग्नि की रोकथाम के लिए सीएम ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को तत्काल समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश है। सीएम धामी ने कहा कि वनाग्नि की घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही विभागीय अधिकारी बेहतर तालमेल से कार्य करें ताकि इस तरह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। सीएम ने कहा इस कार्य में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए। सीएम धामी ने कहा कि गर्मियों के चार महीने उत्तराखंड में वनाग्नि की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होते हैं। इन महीनों में अधिक से अधिक सतर्क रहते हुए पूरा प्रयास किया जाए कि वनाग्नि की घटनाएं ना के बराबर हों। जैसे ही वनाग्नि घटना की सूचना मिलती है उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए जिसका रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए। सीएम धामी ने निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में भी वनाग्नि की घटनाए घटित होती हैं उसके लिए सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि जानबूझकर अगर कोई वनों में आग लगाने की घटना में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ।

## चोरी की बाईक सहित दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हीरानगर चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोरी करने मामले में 2 ऑटो लिफ्टरो को चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को वादी मो. रेहान निवासी हाल उत्तर उजाला बनभूलपुरा द्वारा उसकी मोटर साइकिल बीनस टेलर की दुकान के आगे से अज्ञात द्वारा चोरी किये जाने के सम्बंध में दी गई तहरीर के आधार पर थाने में अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 2 संदिग्ध युवकों को हीरानगर कालौनी तिराहे के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ



गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता आकाश पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम चकरपुर थाना बाजपुर तथा लालमणि सैनी पुत्र उत्तम सैनी निवासी चकरपुर थाना बाजपुर बताया। उनके पास से चोरी की मोटर साईकिल संख्या यूपी 22 एएच 3868 बरामद कर ली गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उनि विजय कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर व हेकानि. कमल पाण्डेय शामिल थे।

## गेहूं बीज खरीद दर 2330 प्रति क्विंटल निर्धारित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रबंध निदेशक टीडीसी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में रबी फसल के अन्तर्गत उत्पादित गेहूं बीज खरीद दरें उपसमिति द्वारा तय की गयी। उपसमिति द्वारा गेहूं बीज खरीद दर 2330 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया। समिति द्वारा गेहूं की उपज तथा दरों के सम्बंध में विभिन्न राज्यों के बीज निगमों एवं विभिन्न मण्डी समितियों से प्रचलित



बाजार भाव संकलित कर उनके सापेक्ष मूल्य निर्धारित किया गया। बैठक में तय किया गया कि टीडीसी 2330 प्रति क्विंटल के आधार पर 1 लाख क्विंटल गेहूं बीज के लिए खरीदेगा। बैठक में उपनिदेशक मण्डी निर्मला बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 ए.के. वर्मा, निदेशक मण्डल में डॉ0 अजीत सिंह नैन, डॉ0 जयंत सिंह, अंकुर पपनेजा, हरभजन सिंह, प्रीत कुमार, हरमंदर सिंह सिद्धू, डॉ0 दीपक पाण्डे, अनिसुल रहमान, रोहन सांगुड़ी, दिगम्बर प्रसाद, जी.सी. तिवारी, डॉ0 रजनीश कुमार सिंह मौजूद थे।

## सुद्धोवाला जेल में कैदी की मौत

देहरादून। देहरादून के सुद्धोवाला जेल में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में सजा काट रहा था। पुलिस ने मृतक कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अश्वनी कुमार (38) निवासी डोईवाला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आरोपी को पुलिस ने पांच अप्रैल 2024 को ड्रग्स तस्करी के आरोप में प्रतिबंधित कैप्सूल और गोलियों के साथ अरेस्ट किया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था जानकारी के मुतबिक अचानक कैदी की तबियत बिगड़ गई। आनन- फानन में बंदी को जेल के अस्पताल में ही भर्ती कराया गया। बंदी की हालत बिगड़ती देख दून अस्पताल रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने बंदी को मृत घोषित कर दिया। कैदी की मौत का कारण प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही असल कारण सामने आ पाएंगे।

## पहाड़ी से टकराकर शिक्षक की कार के उड़े परखच्चे

लोहाघाट। चंपावत एनएच में मंगलवार को दोपहर तीन बजे चंपावत से लोहाघाट की ओर आ रही कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा मानेश्वर बैंड का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बंद में अचानक कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। कार के एयरबैग खुलने से कार सवार की जान बच सकी। बताया जा रहा है कार में शिक्षक राजेंद्र गिरी सवार थे। सड़क हादसे में शिक्षक को मामूली चोट आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे को लेकर राहगीरों का कहना है की एयरबैग खुलने से शिक्षक की बाल-बाल जान बच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला पहिया व एक्सेल टूटकर सड़क में जा गिरा।

## जन समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 59 में व्याप्त समस्याओं के संदर्भ में वार्ड के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने नगर आयुक्त से भेंट कर उन्हें ज्ञापन दिया।जिसमें वार्ड की 11 गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए तार बिछाए जाने, वार्ड में लगभग 15 विद्युत पोल लगाए जाने, इसके अलावा संपूर्ण क्षेत्र में फॉगिंग व ब्लीचिंग करने की मांग की गई क्योंकि मच्छरों की तादाद वार्ड में बढ़ रही है। नालियों में गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां भी फैल सकती हैं। नगर आयुक्त ने रईस अहमद को आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी इन समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। इस दौरान फिरोज खान, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद जियाद, मनोज सागर , खालिद हुसैन, मनोज साहू, जय साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## आलू और प्याज के दाम बढ़े 50 रुपये किलो पहुंचा टमाटर

हल्द्वानी। लोगों को फल और सब्जियों की खरीददारी के लिए भी महंगाई की मार पढ़ रही है। आलू, प्याज, टमाटर आदि सब्जियों से लेकर फलों के दाम इस बीच काफी बढ़ गए हैं। हाल में 15 रुपये किलो बिक रहा टमाटर अब 50 से 60 रुपये किलो पहुंच गया है। आलू 20 से 25 और प्याज भी 20 से 35 तक पहुंच गया है। वहीं, 120 वाला सेब 160, 100 रुपये किलो वाला अनार 150 रुपये प्रतिकिलो से ज्यादा में बिक रहा है। स्थानीय स्तर पर आलू और टमाटर का सीजन नहीं है लेकिन प्याज तैयार हो गया है। मंडी में इस समय अहमदाबाद और रामपुर से टमाटर आ रहा है। यूपी के संभल से आलू आ रहा है। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में आलू और टमाटर की फसल तैयार हो रही है।



## श्री सत्यनारायण मंदिर में मनाई हनुमान जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री सत्यनारायण मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी चन्द्रशेखर जोशी द्वारा पूजा अर्चना कर सुंदर कांड का आरंभ किया गया और भजन कीर्तन भी किया गया।



इस अवसर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के संरक्षक जगदीश लाल सड़ाना, गौरीशंकर चड्डा, अध्यक्ष पंकज कपूर, उपाध्यक्ष प्रेम मदान, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नारायण एवं भूषण गुलाटी, राज कुमार आनंद एवं काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। मंदिर समिति ने सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी।

## बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं पर प्रकाश जोशी ने जताई चिंता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वर्तमान परिदृश्य में प्रदेश के अधिकतर पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान बढ़ने के साथ जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी ने कहा कि लगातार धधक रहे जंगल व उससे हो रही हानि चिंता का विषय है। पिछले 24 घंटो में जिस प्रकार से प्रदेश में कई हेक्टेयर वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। उस मामले में प्रदेश का आपदा प्रबंधन विभाग कहीं नहीं दिखता है तथा इस संबंध में प्रदेश सरकार की उदासीनता साफ दृष्टिगत होती है। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र होने के कारण न जाने कितने दुर्लभ वृक्ष, जड़ी- बूटीयां व जंगली जानवर व जंगल से सटे घर, जंगल की आग की भेट चढ़ रहे हैं। हर वर्ष फरवरी माह के बाद जंगलो में आग लगने की घटनाएँ बढ़ने लगती है। लेकिन सरकार की निष्क्रियता के कारण इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। जब प्रदेश में वनाग्नि के मामले बढ़ते हैं, तो सरकार द्वारा रोकथाम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर दी जाती है। जिस कारण इस निष्क्रियता का खामियाजा प्रकृति व जनता को भुगतना पड़ता है। श्री जोशी ने कहा कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं से तापमान में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है।आशा है, उत्तराखंड सरकार जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस कदम उठायेगी। जिससे आगामी गर्मियों के मौसम में जंगलों में लग रही आग पर काबू पाया जा सके तथा इस वनाग्नि से होने वाली वन संपदा के नुकसान व जनहानि की घटनाओं को रोका जा सकेगा।

# चारधाम यात्रा से पहले एनडीएमए की मॉक ड्रिल

## दो मई को यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगी एक्सरसाइज: आपदाओं के दौरान विभिन्न विभागों की टीमें राहत और बचाव कार्य का अध्यास करेंगे




देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा से पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) मिलकर तैयारियों की मॉक ड्रिल करेगा। ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से प्रस्तावित टेबल टॉप एक्सरसाइज और 02 मई 2024 को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को लेकर यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ ही 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस का आयोजन आगामी चारधाम यात्रा को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) द्वारा विभिन्न विभागों के स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने और यात्रा के सुगम संचालन को लेकर किया गया। कॉन्फ्रेंस में एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 30 अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाली टेबलटॉप एक्सरसाइज और 02 मई 2024 को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि यह एक्सरसाइज यात्रा मार्ग के सभी जिलों में होगी और खराब मौसम, बाढ़ तथा भूस्खलन, भूकंप, अग्निकांड, हिमस्खलन, बर्फबारी, भारी वर्षा, हेलीकॉप्टर तथा रोड एक्सीडेंट, भगदड़ आदि आपदाओं के दौरान विभिन्न विभाग इसी तरह से राहत और बचाव के कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इस एक्सरसाइज से यह जानना और समझना आसान हो जाएगा कि विभिन्न स्तरों पर वास्तविक स्थिति तथा विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय कैसा है। यदि कहीं कोई तकनीकी या अन्य दिक्कत आएगी तो उसका तुरंत समाधान किया जाएगा ताकि यात्रा के दौरान कहीं किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन और यूएसडीएमए, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन यूएसडीएमए श्री आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी परिचालन यूएसडीएमए/डीआईजी श्री राजकुमार नेगी, संयुक्त सचिव आपदा प्रबंधन श्री विक्रम सिंह यादव, आदि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।







# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे..राम आयेंगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हनुमान जयंती पर गत दिवस आदर्श कालोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर बाला जी मंदिर में बाबा भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर ब्रजराज अभिषेक वशिष्ठ द्वारा मंदिर में बाबा भक्तों के साथ श्री हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इससे पूर्व प्रात: मंदिर में श्री बाला जी महाराज को स्नान कराने के बाद उनका चोला ऋंगार किया गया। सायंकाल भंडारा आयोजित हुआ। जिसके बाद श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों द्वारा श्री बाला जी महाराज की महिमा का गुणगान किया गया। पीलीभीत से आई भजन गायिका रेनू अग्रवाल ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे, दूनियां चले न श्री राम के बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना, लक्ष्मण को मरने नहीं दूंगा, सूरज को उगने नहीं दूंगा ये वादा तेरे हनुमत का, जीना तेरी गली में मरना तेरी गली में, मिट जायेगी हमारी दुनियां तेरी गली में आदि भजन सुनाकर भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। वहीं दिल्ली से आये भजन गायक कलाकार मिनी शर्मा ने भी श्री बाला जी व भोले शेकर के भजन सुनाये। अंत में आरती के बाद श्री बाला जी महाराज को सवा मन प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महंत रमेश वशिष्ठ, राजकुमार ठुकराल, हरीश गुम्बर, हरीश अरोरा, पवन गावा, रवि, मुकेश गुप्ता, अनिल पाण्डेय, शुभम कटारिया, हार्दिक कटारिया, मयंक कटारिया, गौतम प्रकाश, ललित कुमार सीटू, मीना सीटू, संजीव शर्मा, मनोज शर्मा, धीरू त्रिपाठी, रिंकू ग्रोवर, रीटा सिंह, अंजली वाजपेई, कुसुम गुप्ता, पिंकी सिंह, अमिता, अनीता आदि बाबा भक्त मौजूद थे।

# महिलाओं और दिव्यांग बच्चों से मिली राष्ट्रपति





देहरादून/ ऋषिकेश (उद संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दो दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान मंगलवार को परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश में गंगा तट पर मां गंगा आरती में प्रतिभाग करते हुए देश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने नारी शक्ति केंद्र परमार्थ में महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के साथ सेल्फी ली और इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रपति को अपने बीच पाकर सुखद आनंद की अनुभूति की।इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि आज एक संयोग है कि आज मंगलवार है, हनुमान जन्मोत्सव भी है और पूर्णिमा भी है। उन्होंने कहा कि इस पावन दिवस में और इस पावन अवसर पर माँ गंगा जी की आरती के समय आप सभी से मिलकर अपने आप को धन्य महसूस कर रही हूँ। उन्होंने कहा कि यह मेरे गंगा माता का आशीर्वाद है कि मुझे दूसरी बार गंगा आरती में प्रतिभाग करने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज एवं साध्वी भगवती सरस्वती सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर किया चोला श्रृंगार

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।भूत बंगला हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि सनातन धर्म में हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही खास माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हनुमान जयंती चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। अंजनी और केसरी के पुत्र हनुमान जी को वानर देवता, बजरंगबली और वायु देव भी कहा जाता है।



कहा जाता है इसी दिन भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। ऐसे में बजरंगबली के भक्त इस दिन को बेहद ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाते हैं। हनुमान जी को उनकी अपार शक्ति और ताकत के लिए पूजा जाता है। हनुमान जी भक्तों के सभी संकटों को दूर करते हैं। इस दौरान चोला चढ़ाने वालों में नत्थू लाल गुप्ता, संतोष दिवाकर, शैलेंद्र कोली, हिम्मतराम कोली, बंटी कोली, अजय गुप्ता आदि लोगो उपस्थित थे।

# हनुमान जयंती पर कौशल्या मंदिर में किया चोला श्रृंगार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव के मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कॉलोनी के समस्त लोगों द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। समिति के प्रतिनिधि ललित दुमका ने बताया कि मंदिर में सभी धार्मिक कार्यक्रम कॉलोनी के लोगों द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाते हैं। हनुमान जयंती के उपलक्ष में भी कौशल्या के फेस वन एवं फेस टू के लोगों द्वारा मंदिर में हनुमान जी को चोला एवं छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया एवं फूलों की होली की गई। उसके बाद लोगों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ, श्री राम स्त्रोत पाठ, बजरंग बाण पाठ, संकट मोचन पाठ के बाद श्री राम आरती एवं हनुमान जी की आरती की गई। उसके बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित दुमका, पुरन चंद पंत, संदीप थपलियाल, अजय राज शर्मा, राम सिंह भोज, आनंद सिंह कैडा, अमर शुक्ला, ओमप्रकाश कुमावत, सुनील सिंह, नंद किशोर, मनोज तंवर, धर्मेंद्र पांडे , केबी जोशी, शिव व्रत कुशवाहा, मंदिर के पुजारी अशोक मुरारी सहित कौशल्या फेस वन एवं कौशल्या फेस टू वह अन्य कॉलोनी के कई महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।



# कपड़े के गोदाम में लगी आग से लाखों की क्षति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित अंबिका विहार में स्थित एक कपड़े के गोदाम में गत दिवस भीषण आग लग गई। आग से पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया है। जिससे लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तक तक सारा सामान आग की भेंट चढ़ चुका था। बताया जा रहा है कि गोदाम के स्वामी किसी काम से गुजरात गए हुए हैं।जानकारी के अनुसार हेमंत साह का अंबिका विहार में तारा इंटरप्राइजेज के नाम से रेडिमेड कपड़े का प्रतिष्ठान है। प्रतिष्ठान तीसरे मंजिल पर है। जबकि जबकि वह नीचे वाले माले में रहते हैं। हेमंत गुजरात गए हुए हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर तीसरी मंजिल पर स्थित गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग भड़की तो लोगों ने दमकल वाहन को इसकी सूचना दी। सूचना पर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया। लेकिन रास्ता संकरा होने की वजह से वाहन को मौके पर पहुंचने में विलंब हो गया। बताया जा रहा है कि गोदाम में एक सिलेंडर भी रखा हुआ था जिसे लोगों ने जान पर खेल कर निकाल लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं काफी प्रयास के बाद दमकल वाहन ने आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड से कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रतिष्ठान स्वामी के यहां पहुंचने पर ही नुकसान के बारे में सही जानकारी मिल पाएगी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।



# चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि: राष्ट्रपति





देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने एम्स, ऋषिकेश के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने मेडिकल के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा और सेवा प्रदान करना एम्स ऋषिकेश सहित सभी एम्स की एक बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि है। सभी एम्स सर्वोत्तम और किफायती उपचार प्रदान करने के लिए पहचाने जाते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में कई एम्स की स्थापना इस उद्देश्य से की जा रही है कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी छात्र एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में विद्यार्थियों की कुल संख्या में छात्राओं की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है, यह जानकर उन्हें प्रसन्नता हुई। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर, टर्सरी हेल्थ केयर जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागेदारी एक बहुत बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के हित में आधुनिकतम तकनीकि का उपयोग करना, एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक की भूमिका डायग्नोस्टिक तथा उपचार में निरंतर बढ़ती रहेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एम्स, ऋषिकेश द्वारा इन बदलावों का तेजी से सक्षम उपयोग किया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड में धूप की कमी के कारण तथा स्थानीय खान-पान के कारण ऑस्टियोपोरोसिस तथा एनीमिया जैसी बीमारियों से लोग, विशेषकर महिलाएं प्रभावित होती हैं। ग्लोबल मेडिसन के इस युग में भी मेडिसन से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना तथा उनका समाधान करना एम्स, ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अग्रणी संस्थान स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर स्वागत किया। एम्स ऋषिकेश के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह अवसर न केवल उपाधि प्राप्तकर्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव का संदर्भ है, बल्कि यह भारतीय समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है जो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विकास की दिशा में, हमारे देश को नई ऊँचाई पर ले जाएगा। यह केवल उपाधि प्राप्त करने का समारोह नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश के विशेषज्ञ, डॉक्टर्स, और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों ने अपने समर्पण और संघर्ष से इसे एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थान बनाने का संकल्प प्रदर्शित किया है। उत्तराखंड का भौगोलिक क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाओं एवं देखभाल के लिए चुनौतियों को प्रस्तुत करता है, जिस कारण प्रदेशवासियों के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच सीमित रही है, ऐसे में एम्स ऋषिकेश, उत्तराखंड में परिवर्तनकारी स्वास्थ्य सेवा पहलों के लिए प्रेरणा का एक स्रोत है, जो उत्तराखंड के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करता है। राज्यपाल ने कहा कि चार धाम यात्रा मार्गों पर आवश्यक दवाओं की ड्रोन के माध्यम से डिलीवरी करना, एम्स ऋषिकेश की एक अभिनव पहल है। यह एक प्रकार से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में तकनीक के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को एक जीवन रेखा प्रदान करने जैसा है। पर्वतीय क्षेत्रों में हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन करना यह दर्शाता है कि एम्स ऋषिकेश चार धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ उत्तराखंड के स्थानीय निवासियों को भी, आपदा के समय में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज एम्स ऋषिकेश, रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा से युक्त है। कैंसर जैसे जटिल रोगों के उपचार के लिए उत्तराखंड के साथ-साथ हमारे आस-पास के अन्य राज्यों के रोगियों को भी सुविधाएँ उपलब्ध करवा रहा है। राज्य संस्थानों और एम्स ऋषिकेश के बीच सहयोग, सभी वर्गों के लिए, विशेषकर दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी अपने कार्य में पूरा मन, समर्पण, और संवेदनशीलता से काम करते रहने का संकल्प लेंगे। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डॉ वी.के पॉल, अध्यक्ष एम्स, ऋषिकेश प्रो. समीर नंदी, निदेशक एम्स, ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह उपस्थित थे।







## हनुमान जयंती पर विश्वकर्मा हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हनुमान जयंती के पर्व पर गत दिवस किच्छा बाईपास रोड पर रोडवेज स्टेशन के पास दशकों पुराने विश्वकर्मा हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जयंती का पर्व बाबा भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में प्रात: श्री बालाजी मंडल के तत्वावधान में श्री बालाजी महाराज हनुमान जी का चोला श्रृंगार किया गया और उन्हें 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया। मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं भंडारा भी वितरित किया गया। जिसमे भक्तों को देसी घी का हलवा बनता गया। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान पंडित जी दिनेश चंद्र जोशी, महंत रितेश सक्सेना, बंटी चिलाना, अंकुश अनेजा, संतोष साहा, रोशन शर्मा, बंटी राठौर, बंटी विश्वकर्मा, ईश्वर चंद्र शर्मा, सतीश आर्य, प्रशांत गिरी, दीपक अरोरा, दुर्गेश मौर्य, कुलदीप, पंकज, विकल, अमित अरोरा, चंद्रकांत शर्मा, नरोत्तम गिरी, रमेश चंद्र आर्य, विनय यादव, प्रीति सक्सेना, माधवी देवी, निशा शर्मा, आशा देवी, मुन्नी देवी, पूजा राठौर, पूजा चिलाना, संजना देवी व तुलसी आर्य आदि मौजूद रहे।





## हनुमान जयंती पर हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने हनुमान जन्मोत्सव पर धर्मपुर स्थित कैंची धाम मंदिर पहुंचकर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने बजरंगबली की आराधना कर समस्त क्षेत्र के सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव की समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। वही विधायक शिव अरोरा सिडकुल ढाल स्थित हनुमान मंदिर मे सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम मे भी शामिल हुए, जहाँ उन्होंने सुंदर कांडपाठ को सुन प्रभु की आराधना की। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमें संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।



## वनाग्नि रोकने के लिए करें प्रभावी कार्यवाही: रतूड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गर्मी का सीजन है, तापमान बढ रहा है ऐसे में वनाग्नि की घटनाएं भी बढ रही हैं इसलिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें व आपसी समन्वय करते हुए वनाग्नि को रोकना व नियंत्रित करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वनाग्नि को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग में दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि वनाग्नि रोकने हेतु विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता फैलायी जाये। स्कूली बच्चों को प्रार्थना सभा व रैलियों के माध्यम से वनाग्नि से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाये। उन्होंने कहा कि मानवजनित कारणों से वनों मे आग लगती है, वनो में आग लगाने वालों के खिलाफ एफ.आई. आर. दर्ज करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाए। गत वर्षों में वनाग्नि का आंकलन कर जिन क्षेत्रों में वनाग्नि की संभावनाएं अधिक हैं वहां विशेष फोकस रखा जाए तथा कार्य योजना बनाते हुए वनाग्नि को रोका व नियंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही की जाए साथ ही रियल टाइम मॉनीटरिंग की जाए तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचनाएं जिला व राज्य कंट्रोल रूम को शीघ्र अवगत कराई जाएं। उन्होंने कहा कि वनाग्नि को रोकने व नियंत्रित करने में जन जागरूकता कर अधिक से अधिक सामूहिक सहभागिता करायी जाए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में आतिथि तक 32 वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं जिसमें 42.22 है0 क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने ने बताया कि 69 क्रू-स्टेशन स्थापित हैं साथ ही 138 फायर वाचर तैनात किये गये हैं व जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, सी.एम.ओ. डॉ0 मनोज कुमार शर्मा, ओ.सी. कलक्ट्रैट गौरव पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी के. एस. रावत, डी.डी. एम.आ. यू0 एस0 नेगी आदि मौजूद थे।



## वृद्धा से जेवर लूटने वाला पुलिस गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस वृद्ध महिला को डरा धमका कर उसके पास से एक लाख 40 हजार मूल्य के सोने के जेवरात लूटकर भागने वाले शातिर युवक को लूट के माल सहित मुखानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को वादी तनुज नैनवाल पुत्र रमेश चंद्र नैनवाल निवासी लोहारिया साल मल्ला ऊंचा पुल मुखानी द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी बुआ बसंती देवी उम्र लगभग 90 वर्ष से डरा धमका कर कान के झुमके व गले का मंगलसूत्र छीनकर ले जाने के सम्बन्ध में दी गई शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक मनोज सिंह अधिकारी के सुपुर्द की गयी। मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ, तलाश किये जाने पर लूट में संलिप्त एक युवक को बजुनिया हल्दु को जाने वाले रास्ते से मय लूट के सामान मंगलसूत्र व कान के झुमके के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम पता दिलीप मौर्य पुत्र बहादुर मौर्य निवासी उन्हानी मकरंदपुर थाना बहेड़ी, हाल निवासी बजुनिया हल्दू पोस्ट कटघरिया थाना मुखानी बताया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज सिंह अधिकारी, हेड कांस्टेबल उमेश चंद जोशी व कांस्टेबल पूरन सिंह शामिल थे।



**उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रिश्वतखोरी और पक्षपात का खेल

एक तरफ तो सरकारी विभागों में खाली पदों पर लंबे समय तक भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती और जहां शुरू भी होती है वहां कभी पर्चाफोड़ गिरोह सक्रिय हो जाते हैं, तो कभी संबंधित महकमे के आला अधिकारी और मंत्री तक रिश्वत लेकर भर्तियां करते पाए जाते हैं। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां सरकारी भर्तियों में रिश्वतखोरी और पक्षपात के मामले उजागर न हुए हों। ऐसे भी अनेक उदाहरण हैं, जब भर्तियों में व्यापक अनियमितता के आरोप के चलते उन्हें रद्द करना पड़ा। कई मामलों में मंत्री तक जेल गए। पश्चिम बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला इसका ताजा उदाहरण है। करीब आठ साल पहले वहां सरकारी स्कूलों में पचीस हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों और गैरशिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग तेईस लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। मगर जब नतीजे आए तो उसमें कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई थीं। जिन अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम अर्हता भी नहीं थी, वे वरीयता सूची में शीर्ष बीस की श्रेणी में आ गए थे। कई ऐसे लोगों को भी नौकरी दे दी गई, जिन्होंने भर्ती परीक्षा पास ही नहीं की थी। कम अंक पाने वाले भी वरीयता क्रम में ऊपर पहुंच गए थे। इस मामले की शिकायत दो अभ्यर्थियों ने अदालत में की थी, जिसकी सुनवाई करते हुए मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई। उस जांच में धनशोधन का मामला उजागर हुआ और प्रवर्तन निदेशालय ने मामले को अपने हाथ में ले लिया था। उस संबंध में प्रदेश के शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उनके और करीबी लोगों के ठिकानों पर छापे पड़े तो उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को भी शिक्षक भर्ती घोटाले में संलिप्त पाया गया था। उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। इन दोनों के ठिकानों से भारी मात्रा में नगदी, जेवर और जायदाद के कागज मिले थे। आरोप था कि उसमें अभ्यर्थियों से पांच से पंद्रह लाख रुपए रिश्वत लेकर भर्ती किया गया था। अब कोलकाता उच्च न्यायालय ने उस भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया और नए सिरे से भर्ती शुरू करने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि उस प्रक्रिया के तहत भर्ती होकर नौकरी करने वालों को पिछले सात-आठ वर्षों का सारा वेतन वापस करना पड़ेगा। इस तरह उन लोगों की मनोस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि पश्चिम बंगाल सरकार का कहना है कि उच्च न्यायालय का फैसला अवैध है और वह उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी तथा शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित कराने का प्रयास करेगी। वर्षों पहले हरियाणा में भी इसी तरह शिक्षक भर्ती घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को जेल जाना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के कार्यकाल में हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को मायावती ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए रद्द कर दिया था। शिक्षकों की भर्ती के अलावा पुलिस भर्ती, पटवारी भर्ती, व्यापार मंडल भर्ती आदि में इसी तरह तरह अनियमितताओं के आरोप लगते रहे हैं। इस तरह सरकारी महकमों के लोग जरूर अपनी जेबें भर लेते हैं, मगर खमियाजा आखिरकार उन मेधावी युवाओं को भुगतना पड़ता है, जो वर्षों मेहनत और लगन से तैयारी करते हैं, मगर उनका हक कोई और ले उड़ता है। आखिर सरकारें इतने उदाहरणों के बावजूद क्यों कोई पारदर्शी और विश्वसनीय भर्ती प्रक्रिया नहीं बना पाई हैं।

# नेपाल में हिंदू राष्ट्र के लिए शंखनाद

भारत के पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देश नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के लिए शंखनाद शुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं इस मांग में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में शामिल हैं। इस प्रदर्शन की अगुआई मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो, देश में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। इन प्रदर्शनकारियों के हाथों में शंख थे, जिनसे लोगों ने राजधानी काठमांडू में सरकारी भवनों के सामने शंखनाद कर अपनी मांगों का स्वर नेपाल के आकाश में गुंजा दिया। इस समय नेपाल में भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुकरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद इस मांग में तेजी आई है। हालांकि यह मांग कोई नई नहीं है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अप्रैल-2022 में भारत आए थे। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से ही जनता में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग में नेपाल के मुस्लिम भी शामिल हैं। इस दोस्ताना शिखर-वार्ता से तय हुआ था कि नेपाल चीन के विस्तारवादी शिकंजे से मुक्त होने की राह पर चल पड़ा है। नेपाल ने अब भरोसा दिया है कि सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं होगा और जल्द इस विवाद को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते भारत ने नेपाल में 75 विकास परियोजनाएं जमीन पर उतारी हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से तैयार बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था तक रेल सेवा का उद्घाटन भी किया था। याद रहे दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध रामायण काल से चले आ रहे हैं। राम की धर्मपत्नी सीता नेपाल के जनकपुर से थीं। भारत के धार्मिक श्रद्धालुओं को यह रेल जनकपुरधाम तक पहुंचाना आसान कर देगी। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। पिछले महीने राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदायों के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल छह साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है। नेपाल की 85.5 प्रतिशत आबादी हिंदू है, इसलिए वह प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिंदू धर्मावलंबी देश है। नेपाल में लंबे समय तक राजशाही रही है। किंतु राजशाही के खूनी दुखद अंत के बाद यहां माओवादी नेता प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने से सामंतशाही सिमटती चली गई और 18 मई 2006 को राजा के अधिकारों में कटौती कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित कर माओवादी लोकतंत्र की शुरूआत हो गई। तभी से चीनी हस्तक्षेप के चलते यहां के मूल स्वरूप को बदलने के अलावा भारत के साथ संबंध खराब होने की शुरूआत भी हो गई थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीन के दबाव में न केवल भारत से शत्रुतापूर्ण संबंधों की बुनियाद रखी,, बल्कि चीनी सेना को खुली छूट देकर अपनी जमीन भी खोना शुरू कर दी। जाहिर है, नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई,, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। हमारे पड़ोसी देशों में नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं, जिनके साथ हमारे संबंध विश्वास और स्थिरता के रहे हैं। यही वजह है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 में हुई सुलह, शांति और दोस्ती की संधि आज भी कायम है। नेपाल और भूटान से जुड़ी 1850 किमी लंबी सीमा रेखा बिना किसी पुख्ता पहरेदारी के खुली है। बावजूद चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह कोई विवाद नहीं है। बिना पारपत्र के आवाजाही निरंतर जारी है। करीब 60 लाख नेपाली भारत में काम करके रोजी-रोटी कमा रहे हैं। 3000 नेपाली छात्रों को भारत हर साल छात्रवृत्ति देता है। नेपाल के विदेशी निवेश में भी अब तक का सबसे बड़ा 47 प्रतिशत हिस्सा भारत का है। बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेपाल का झुकाव चीन की ओर बढ़ता चला गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2014 में नेपाल की यात्रा करके बिगड़ते संबंधों को आत्मीय बनाने की सार्थक पहल की थी, किंतु भारतीय मूल के मधेशियों के आंदोलन ने इस पर पानी फेर दिया था।

– प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

## छह माह पूर्व हुई चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता) ग्राम चिलकिया में छह माह पूर्व एक बंद घर से हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। जबकि निवासी राम सिंह पटवाल के घर में अज्ञात चोरों ने परिजनों की गैर मौजूदगी में बंद पड़े घर से कुछ पैसे एवं सोने के जेवरात चोरी कर लिए थे। उन्होंने बताया कि इस वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्टार के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई तो कुछ लोग उक्त ग्रामीण के घर में जाते हुए दिखाई दिए उन्होंने बताया कि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मोसीन निवासी गड्ढा कॉलोनी काशीपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बाइक वह चोरी की गई कुछ रकम बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इस घटना में चोरी के मामले में जो उसको हिस्सा मिला था उससे उसने यह बाइक खरीदी है फिलहाल पुलिस ने बरामद बाइक को भी सीज करते हुए फरार अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम को रवाना कर दिया गया है।



घटना में शामिल दो चोर अभी भी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पिछले वर्ष 27 नवंबर को ग्राम चिलकिया मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई थी कोतवाल ने बताया कि घटना का खुलासा करने को लेकर कोतवाली के

## आबादी क्षेत्र में विशालकाय भालू आने से मचा हड़कंप, रेस्क्यू किया



लालकुआं (उद संवाददाता)। देर रात स्लीपर फैक्ट्री में विशालकाय भालू के पहुंचने से हड़कंप मच गया। भालू स्लीपर फैक्ट्री की बाउंड्री पार कर उसके अंदर घुस गया और स्लीपर के चट्टों में जा छुपा। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचकर वन विभाग के चिकित्सकों की देख रेख में भालू को ट्रेंकुलाइज किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में रात्रि करीब 11 से लेकर सुबह 4 बजे तक का समय लग गया। इसके बाद विशालकाय भालू को वन विभाग की फोर्स ने पकड़कर उसे अपने साथ ले गए। गौला रेंज के रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि भालू का सकुशल रेस्क्यू किया गया है जिसे उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया गया है। बताते चलें कि जंगल में पानी की समस्या होने के बाद कई बार वन्य जीव आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं। वहीं आबादी क्षेत्र में भालू की दस्तक से लोगों में डर का माहौल है।

# कई जिलों में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले

नैनीताल। हाईकोर्ट ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर जजों की तबादला सूची जारी कर दी है। इसमें कहकशा खान को उत्तराखंड हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है। इसके अलावा कई जिलों में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले कर दिए हैं। जिला एवं सेशन जज हरिद्वार स्कंद कुमार त्यागी का तबादला कर जिला एवं सेशन जज ऊधमसिंह नगर बनाया गया है। प्रिसाइडिंग आफिसर फूड सेफ्टी अपील ट्रिब्यूनल हल्द्वानी के प्रशांत जोशी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिद्वार, प्रेम सिंह खिमाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऊधमसिंह नगर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश देहरादून, कहकशा खान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंपावत को हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस हाईकोर्ट, अटैचमेंट पर चल रहे अनुज कुमार संगल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंपावत बनाया गया है। जज फैमली कोर्ट हरिद्वार मनीश मिश्रा को प्रथम एडिशनल जिला एवं सेशन जज देहरादून, प्रथम एडिशनल जिला एवं सेशन जज देहरादून मनोज गर्ब्याल को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ज्यूडीशियल, प्रथम एडिश्नल जिला एवं सेशन जज काशीपुर विनोद कुमार को एडिशनल जिला एवं सेशन जज कर्णप्रयाग बनाया गया है। इसी क्रम में अनिता गुंज्याल सिविल जज सीनियर डिविजन कोटद्वार का स्थानांतरण कर उन्हें चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर बनाया गया है। लक्ष्मण सिंह चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल, धीरेंद्र भट्ट एडिशनल फैमली जज देहरादून को एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, संदीप कुमार ज्वाइंट डायरेक्टर उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी भवाली को सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार, मौहम्मद यूसूफ चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर को ज्वाइंट डायरेक्टर उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी भवाली जिला नैनीताल, योगेन्द्र कुमार सागर ज्वाइंट रजिस्ट्रार उत्तराखंड पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चमोली, हेमंत सिंह सिविल जज सीनियर डिविजन चंपावत को सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर, विनोद कुमार बरमन चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट टिहरी गढ़वाल को सिविल जज सीनियर डिविजन ऋषिकेश, शहजाद अहमद वाहिद सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार को प्रथम एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार, मौहम्मद याकूब चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल को सिविल जज सीनियर डिविजन टिहरी गढ़वाल, विभा यादव सेक्रेट्री जिला लीगल सर्विस अथोरिटी पिथौरागढ़ प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट प्रथम क्लास ज्युविनाइल जस्टिस बोर्ड हरिद्वार, इंदू शर्मा द्वितीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून को प्रथम एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर, मनोज कुमार द्विवेदी एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी जिला नैनीताल को सिविल जज सीनियर डिविजन कोटद्वार, निहारिका मित्तल गुप्ता प्रथम एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चंपावत, हर्ष यादव सेक्रेट्री जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी देहरादून को सिविल जज सीनियर डिविजन नैनीताल, श्वेता पांडे सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर को द्वितीय एडिशनल सिविल जज सिनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर, अविनाश कुमार श्रीवास्तव सिविल जज सीनियर डिविजन टिहरी गढ़वाल को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरिद्वार, सचिन कुमार चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चमोली को एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट काशीपुर ऊधमसिंह नगर, ललिता सिंह एडिशनल जज फैमली कोर्ट ऋषिकेश को सिविल जज सीनियर डिविजन लक्सर जिला हरिद्वार, संजीव कुमार चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट उत्तरकाशी को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून, संदीप सिंह भंडारी द्वितीय एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को प्रथम एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून, नेहा कुशवाहा सिविल जज सिनियर डिविजन उत्तरकाशी को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नैनीताल, अनीता कुमारी तृतीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून को प्रथम एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून, अशोक कुमार ज्वाइंट सेक्रेट्री लॉ गर्वमेंट आफ उत्तराखंड देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रूद्रप्रयाग, रश्मि गोयल द्वितीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर को एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर बनाया गया है।

# भूजल संरक्षण के लिए 148 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनसंख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है बढ़ते हुए शहरीकरण एवं आद्यौगिकरण, विकास कार्यों में तेजी तथा कृषि क्षेत्रों में अधिक जल खपत के कारण पानी की मॉग भी बढ़ रही है। भू-जल का अधिक दोहन के कारण भू-जल का स्तर प्रतिवर्ष 4 से 5 फीट गिरता जा रहा है। ऐसे में वर्षा जल का संग्रहण कर अधिकाधिक उपयोग अति आवश्यक हो जाता है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार द्वारा वर्ष 2023-2024 में 148 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया गया जिससे 6000 लाख लीटर पानी प्रति हेक्टयर जल रिचार्ज होगा। अधिशासी अभियन्ता सुशील कुमार ने बताया कि वर्षा के समय वर्षा जल का कुछ भाग भूमि सतह के नीचे रिसकर प्राकृतिक रूप से भू-जल में मिल जाता है। जिससे भू-जल भण्डार में वृद्धि होती है। यह एक धीमी प्रक्रिया है और अधिकांश वर्षा का जल व्यर्थ बह जाता है। बहते हुए जल को संग्रहित करके भू-जल स्तर को जल संवर्द्धन, जल सम्भरण आदि के द्वारा बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए रिचार्ज शाफ्ट रिचार्ज कूप, हार्वेस्टिंग टैंक आदि का निर्माण कार्य कराया जाना अति आवश्यक है। एक रिचार्ज शाफ्ट द्वारा एक वर्ष बरसात का मौसम में एक हेक्टेयर क्षेत्रफल वर्षा के जल को संगृहीत कर 52.20 लाख ली0 जल रिचार्ज करता है। इस प्रकार कई रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण करके भू-जल स्तर को बढ़ाया जायेगा। वर्ष 2023-24 में निर्मित रिचार्ज शाफ्ट नाबार्ड के अर्न्तगत (विकास खण्ड काशीपुर-27 एवं बाजपुर- 121) 148 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण कार्य कर 208 लाख का व्यय किया गया। जनपद में 148 रिचार्ज शाफ्ट द्वारा एक वर्ष में बरसात के मौसम में वर्षा के जल को संग्रह कर लगभग 6000 लाख लीटर प्रति हेक्टयर जल रिचार्ज किया जायेगा। नार्बाड के आरआईडीएफ योजना के अन्तर्गत (विकास खण्ड काशीपुर-4 एवं बाजपुर-5) 09 वियर का जीर्णोद्धार किया गया है, जिससे सिंचाई पुनर्स्थापित कर 434.85 है0 क्षमता बढ़ायी गयी है। उन्होंने बताया कि ऐसे स्थान जहॉ पर प्राकृतिक बारहमासी स्थायी स्रोत हैं उनका पानी रोक कर तथा उसका स्तर ऊॅचा करने से अधिक मात्रा में खेतों की सिंचाई सम्भव हो जाती है परन्तु स्थायी रूप से उसका स्तर ऊॅचा करने पर ऊपर के खेतों के लिए बरसात में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे निपटने के लिए गेटेड स्ट्रक्चर का निर्माण किया जाता है। यह योजना काफी लाभप्रद सिद्ध हुई है। यह कार्य भी लघु सिंचाई द्वारा भी किया जा रहा है।

## बीएचईएल के गोदाम में लगी भीषण आग




चमोली। बदरीनाथ हाईवे के पास सोनला में मंगलवार को भेल के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही चमोली पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। चमोली की सभी फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी हैं। रुद्रप्रयाग से भी वाहन मंगाया गया है। साथ ही जल संस्थान के टैंकर भी लगे हैं, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। वहीं टीम का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। फायर स्टेशन गोपेश्वर को सूचना प्राप्त हुई की राष्ट्रीय राजमार्ग बद्रीनाथ में सोनला के पास स्थित बीएचईएल स्टोर में आग लग गयी है।उक्त सूचना पर कोतवाली कर्णप्रयाग, कोतवाली चमोली की पुलिस टीमें एवं फायर स्टेशन गोपेश्वर तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। जहां स्टोर में रखे सामान पर लगी आग लगातार भयंकर रुप लेते हुए तेजी से सोनला पैट्रोल पम्प व निकटवर्ती आवासीय भवनों की ओर बढ़ रही थी। आग के भयंकर रुप को देखते हुए फायर यूनिट गौचर एवं फायर सर्विस जनपद रूद्रप्रयाग को मौके पर बुलाया गया। गठित टीमों द्वारा सूझबूझ व साहस का परिचय देते आग को फैलने से रोका गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग पर पूर्ण रूप से काबू पाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से घटनास्थल पर फायर टेण्डर मौजूद है। फायर यूनिट गोपेश्वर व स्थानीय पुलिस की त्वरित कार्यवाही से बीएचईएलस्टोर में रखें करोडों रूपये के सामान व मशीनों को सुरक्षित बचा लिया गया है। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग फैलने से चिंतित पेट्रोल पम्प के कर्मचारियों, निकटवर्ती आवासीय भवनों में रहने वाले लोगों एवं बीएचईएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा फायर यूनिट की तत्काल एवं जोखिमपूर्ण कार्यवाही व रिस्पांस टाइम की सराहना की।

## तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को कुंडेश्वरी पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चौकी इंचार्ज कुंडेश्वरी राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान पुलिस ने पच्चावाला मंदिर से गुरुद्वारे की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक युवक को शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम पच्चावाला कुंडेश्वरी निवासी सुंदर सिंह पुत्र बच्चन बताया। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

## चोरों ने हीरानगर से बाइक चुराई

हल्द्वानी। शहर में ऑटो लिफ्टर फिर सक्रिय होने लगे हैं। चोरों ने हीरानगर क्षेत्र से एक बाइक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत हीरा नगर चौकी में दर्ज कराई है। मो. रेहान पुत्र सारिक अहमद निवासी नानकार रैन विलासपुर ने चौकी में तहरीर दी है कि वह 26 मार्च को रोज की तरह अपनी बाइक से रानगर में वीनस टेलर की दुकान के पास खडी करके काम करने चला गया था। दिन में करीब एक बजे काम करके वापस आया तब मेरी गाडी वहां नही थी। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

## पेज एक का शेष...

**बहिष्कार के बाद हरकत मे...**के मतदाताओं ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भी मतदान का बहिष्कार किया था, पर दायित्व अधिकारियों की आंखें नहीं खुली। इसी प्रकार चकराता में खारसी मोटरमार्ग पर दावापुल से बैरावा तक 16 किलोमीटर मोटर मार्ग की मंजूरी के बाद भी अब तक निर्माण न होने के कारण , इस इलाके के 12 गांव के लोगों ने चुनाव बहिष्कार किया था वही यमकेश्वर में लोगों ने गंगाभोगपुर तल्ला-मल्ला को राजाजी टाइगर रिजर्व के दायरे से हटाने की मांग पूरी न होने के चलते मतदान के बहिष्कार की घोषणा की थी। इसके अलावा रुद्रप्रयाग के इसाला गांव के लोगों ने भी 8 साल से स्वीकृत सड़क के गांव तक न पहुंचने की वजह से चुनाव बहिष्कार किया। इसके अलावा उधम सिंह नगर जिले,कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र तथा पिथौरागढ़ और पौड़ी के कई गांव अपनी बुनियादी जरूरत की अनदेखी के चलते चुनाव के बहिष्कार में सम्मिलित हुए । प्रदेश के गढ़वाल और कुमाऊं के तकरीबन 35 गांव के मतदाताओं के चुनाव में भाग न लेने को राज्य सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है और सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव से तमाम गांवों की नाराजगी की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और साथ ही उन्हें तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं । मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद अब शासन ने सभी 13 जिलों के जिलाधिकारी से उन सभी गांवों के बारे में पूरी जानकारी मांगी हैं ,जो चुनाव बहिष्कार में शामिल थे। सीएम के प्रमुख सचिव आर के सुधांशु के अनुसार चुनाव बहिष्कार की घटना बेहद गंभीर है, आगे से ऐसा न हो इसके लिए हमे जल्द से जल्द कार्रवाही करने के निर्देश मिले हैं । जिन भी गाँवों तक सड़क नहीं पहुंची है या जिन गांवों में सड़क स्वीकृत हो गई है फिर भी काम शुरू नहीं हो पाया है वहां भी हमने तत्काल प्रभाव से काम शुरू कर दिया है और लंबित कार्य के मामलों के निपटाने के बारे में बातचीत की है। उम्मीद है कि जल्द ही लोगों की समस्याओं का समाधान धरातल स्तर पर आरंभ हो जाएगा ।

**ट्रक खाई में गिरने...**पुलिस और फायर स्टेशन रानीखेत को दी। सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बमुश्किल खाई में पहुंची रेस्क्यू टीम ने ट्रक से घायल तौफिक निवासी नगरिया जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल ले गई। वहीं हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो हो चुकी थी उसकी पहचान मतलूब निवासी दढियाल जिला रामपुर के रूप में हुई है।

**सीलिंग की भूमि की ..**सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामनगर में 12 एकड़ सीलिंग भूमि जो राणा सिन्हा के नाम है पर भी कालोनाईजरों की नजर लगी हुई है यह भूमि सरप्लस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंतनगर विवि की 500 एकड़ भूमि को दिल्ली के एक कालोनाईजर के हवाले करने की भी चर्चाएं चल रही हैं। श्री बेहड ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीलिंग भूमि को खुर्दबुर्द करने के लिए बडे स्तर पर खेल खेले जा रहे हैं। भाजपा नेता कहते है कि बाहरी लोगों को राज्य में जमीन नहीं खरीदने दिया जायेगा जबकि सरकार के संरक्षण में बाहरी कालोनाईजरों को यहां की भूमि सौंपी जा रही है। जिसकी जांच कराया जाना जरूरी हो गया है।

**आग की भेट ...**पर आज प्रात: किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर अग्निकाण्ड की जानकारी ली। अग्निकाण्ड का कोई ठोस कारण पता नही चल पाया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से घटना घटित हुई होगी। दुकान में रखे पेन्टस और प्लाईवुड ने तुरन्त आग को पकड़ लिया होगा और देखते ही देखते पूरी दुकान आग की चपेट में आ गई। अग्निकाण्ड से पूरी दुकान ही राख में बदल गई है। दमकल की गाड़ियों के पहुंच जाने से आग दुकान तक ही सीमित रही।

**किच्छा के व्यापारी नेता...**बताया कि चौकी में दोनों को समझा बुझाकर भेज दिया है। मामला कल रात्रि करीब 11 बजे का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि फ्लैट में व्यापारी नेता के साथ मिली महिला का पति विदेश में रहता है। उक्त महिला को लेकर किच्छा के व्यापारी नेता और उसकी पत्नी के बीच पिछले काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इससे पूर्व भी वह अपने पति को उक्त महिला के साथ देख चुकी है। व्यापारी नेता की पत्नी द्वारा पूर्व में किच्छा कोतवाली में तहरीर भी दी जा चुकी है। बहरहाल इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गरम हे।

**दम्पत्ति से मारपीट की ..**फाड़ दिया। रवि रस्तोगी का आरोप था कि इस दौरान उक्त महिला एसआई ने उसके व उसकी बहन, मॉ के साथ मारपीट भी की गई। इस घटना को उच्च न्यायालय की खिलाफत बताते हुये रवि रस्तोगी के अधिवक्ता हर्ष तनेजा द्वारा उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दाखिल कर दी। आज अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुये उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश मनोज तिवारी ने आरोपी महिला एसआई के खिलाफ नोटिस जारी करते हुये मामले की अगली तारीख 20 जून तक अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। साथ ही उच्च न्यायालय ने घटना दिवस 6 अप्रैल 2024 की प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक की कोतवाली में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखने को कहा है।

**कमरे में फांसी पर...**पर मृतक महिला का नाम प्रीति गंगवार ( उम्र करीब 22 वर्ष ) पुत्री कालीचरण गंगवार निवासी ग्राम टांडा दयानतपुर जिला बरेली है। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रेस्टोरेंट में आग लगने से तीन लोग झुलसे

देहरादून। सेलाकुई के पास तेलपुर चौक स्थित आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी के पास एक रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। आग लगने से तीन लोग झुलस गए। घटना की सूचना पाकर दमकल कर्मी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना बुधवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रभारी एफएसओ सेलाकुई ईशम सिंह ने बताया कि रेस्टोरेंट में सिलिंडर बदलने के दौरान आग लग गई। आग लगने से तीन लोग मामूली तौर पर झुलस गए। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है करीब आधे घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान रेस्टोरेंट में रखा सामान और बाहर खड़े दो स्कूटर जल गए। आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Jaspal Singh Momi था अब बदलकर Jaspal Singh रख लिया है अत: भविष्य में मुझे Jaspal Singh पुत्र ध्यान सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता-म. नं. 45/46, गोल मार्किट, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Kismanpreet Kaur Momi था अब बदलकर Kisman Preet Kaur रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे Kisman Preet Kaur पुत्री जसपाल सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए। पता म. नं-45/46 गोल मार्किट,रूद्रपुर,उधम सिंह नगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Kamaljeet Kaur Momi था अब बदलकर Kamaljeet Kaur रख लिया है अक्त: भविष्य में मुझे Kamaljeet Kaur पत्नी जसपाल सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता म.नं- 45/46 गोल मार्किट, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# लेंटर की सेट्रिंग गिरने से पांच मजदूर दबे, दो की हालत गंभीर

## रतनपुरा में नये अस्पताल निर्माण के दौरान हुआ हादसा





गदरपुर। क्षेत्र के रतनपुरा गांव में निर्माणाधीन अस्पताल की इमारत का लिंटर ढहने से पांच श्रमिक मलबे में दबकर घायल हो गए। उन्हें श्रमिकों और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल तीन श्रमिकों को रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायल सीएचसी गदरपुर में भर्ती हैं। ग्राम रतनपुरा में एक निजी अस्पताल की इमारत का निर्माण हो रहा है। मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे इमारत में लिंटर डालने के लिए शटरिंग का कार्य चल रहा था। करीब 25 से अधिक श्रमिक कार्य कर रहे थे। अचानक जोरदार आवाज के साथ शटरिंग ढह गई। शेटरिंग ढहने के साथ वहां काम कर रहे श्रमिक उसमें दब गए। कई श्रमिकों ने जान बचाने के लिए करीब 25 फुट ऊंची शटरिंग से छलांग लगा दी। शटरिंग ढहने से ग्राम रतनपुरा निवासी गोपाल व रामू, ग्राम संजय नगर महतोष निवासी छोटू विश्वास, विजय और विश्वजीत मलबे में दब गए। हादसे की सूचना पर महतोष पुलिस चौकी से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने श्रमिकों और ग्रामीणों की मदद से लोहे के मलबे के नीचे दबे श्रमिकों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल छोटू विश्वास, विजय और विश्वजीत को उपचार के लिए रुद्रपुर के नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि गोपाल व रामू को स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र गदरपुर में ले जाया गया था जहां से उपचार के बाद उनकी छुट्टी कर दी गई है।

# फरार शूटर सर्बजीत के घर पर चस्पा किया कुर्की का नोटिस

खटीमा। उत्तराखंड पुलिस ने मंगलवार को पंजाब के तरनतारन शहर पहुंचकर शार्प शूटर सर्बजीत सिंह के घर पर सीआरपीसी की धारा-82 का कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इसके बाद यदि सर्बजीत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं किया तो उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। 28 मार्च 2024 को डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर फरार बिलासपुर, यूपी निवासी अमरजीत सिंह का पुलिस ने हरिद्वार जिले में नौ अप्रैल को एनकाउंटर कर दिया था। लेकिन दूसरा फरार शार्प शूटर तरनतारन पंजाब निवासी सर्बजीत सिंह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश में पुलिस दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व यूपी में दबिश



दे रही है।गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद सर्बजीत की गिरफ्तारी न होने पर उसके विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को उत्तराखंड पुलिस न्यायालय से प्राप्त सीआरपीसी की धारा 82 का नोटिस लेकर सर्बजीत के पंजाब स्थित घर तरनतारन पहुंची। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि तरनतारन स्थित सर्बजीत सिंह के आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया है। कहा कि नोटिस चस्पा होने के बाद भी यदि सर्बजीत सिंह न्यायालय में पेश नहीं हुआ, तो उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि बाबा तरसेम हत्याकांड की विभिन्न एंगल से जांच की जा रही है। हत्या के षड्यंत्र में शामिल अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# बालाजी सानू चरणा दा रख लो सेवादार

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव





दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मण्डल के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में दिनेशपुर स्थित श्री बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दिन भर मंदिर में भजनों का सिलसिला चलता रहा। साथ ही विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती की शुरूआत प्रातः काल बालाजी महाराज, भैरव जी महाराज और प्रेत राज सरकार का भव्य स्वर्ण चोला श्रृंगार के साथ की गयी। साथ ही बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। इसके पश्चात बालाजी दरबार में भजनों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। दरबार में भजन गायक कालू मदान ने आया जन्मोत्सव बाबा का, मेरी आशा न तोड़ो बालाजी, सुधीर अरोरा ने बालाजी सानू चरणा दा रख लो सेवादार, राजपाल अरोरा ने मेरा चोला रंग दो ओ घाटे वाले, रोहन भटनागर ने फरियाद मेरी सुनते ही चले आना, अंकुर भटनागर ने बालाजी का उत्सव आया खूब किया श्रृंगार, प्यारो लागो बजरंगी, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम, बिट्टू अरोरा ने चैत महीना आया रे हनुमान उत्सव आया रे, कृष्ण छाबड़ा बाबा सबकी सुनते है, महेन्द्र बंसल ने बाला सा थाणे कौन सजायो जी, हरि बाबू ने जो प्रेम से बोलेगा, विनोद रस्तौगी ने आयो मैं आया बाबा, विपिन रस्तौगी ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, सुरेश मित्तल ने ओ लंका जलाने वाले आजा बाबा हनुमान, सुरेन्द्र पाल ने बाबा ये तेरा दरबार करता सबका बेड़ा पार, गोविंद ग्रोवर ने मेरा बाबा मेरे साथ है, अंकित गगनेजा ने फुल्ला दा बनाया तेरा द्वार बालाजी, सुनील कुमार ने राम का ऐसा दिवाना दूसरा कोई नहीं आदि भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। देर शाम आरती के साथ दरबार सम्पन्न हुआ। दरबार में आस पास एवं दूर दराज से आये भक्तों ने बाबा का गुणगान करने के साथ ही महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल से आशीर्वाद लिया। दिन भर भंडारे की सेवा भी चलती रही। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दरबार में पंडित दिनेश कुमार पाठक, खैरात कुमार, हर बाबू, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, मोहित नारंग, आयुष अरोरा, अमित आनंद, सन्नी नारंग, ओम अरोरा, शिव कुमार, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, कृष्ण छाबड़ा, लवी अरोरा, हरीश कुमार, अशोक गर्ग, अमित अग्रवाल, सन्नी बजाज, राजेश कुमार, रविन्द्र चौहान, डी के करगेती, प्रतीक मौर्या, धर्मवीर चौधरी, सौरभ अग्रवाल, हिम्मत राम, प्रकाश झा, सुनील बंसल, सुमित घई, अनिल कुमार, पवन कुमार, संजय कामरा, विजय गंगवार, अमन श्रीवास्तव, अरविंद ठक्कर, पवन खेड़ा, मनीष गोयल, नवीन रस्तौगी, पीसी पाठक, मनोज रस्तौगी, आशु रस्तौगी, अजय रस्तौगी, रोहित भटनागर, नरेश ग्रोवर, अखिलेश यादव, दलजीत अरोरा, महेन्द्र बंसल, जयप्रकाश गर्ग, सार्थक सक्सेना, यश अनेजा, बल्देव डाबर, मनीष छाबड़ा, सचिन कुमार, सेवा राम गुप्ता, राजपाल सिंह, अशोक छाबड़ा, मयंक, अंकित शर्मा, अशोक कालरा, डी एल गंगवार, प्रदीप बतरा, विनीत रस्तौगी, गोविंद ग्रोवर, शिवम कुमार, सतीश आर्या, राजकुमार वर्मा, लेखराज अरोरा, सुरेन्द्र पाल, विशाल मदान, वैभव गगनेजा, सुनील कुमार, राकेश कुमार, अंटू रस्तौगी, राजू चावला, धीरज गगनेजा, गौरव अग्रवाल, कालू चावला, लाला लक्ष्मी दत्त पाण्डे, सुधीर अरोरा, अशोक गुम्बर, लवी ग्रोवर, हर्षित ग्रोवर, विय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, अंकुर भटनागर, रोहित कटारिया, दीपू सैनी, संजय चन्द्रा, परमजीत सिंह, गुड्डू भाई, सर्वेश गुप्ता, माधव खुराना, अमन श्रीवास्तव आदि समेत बड़ी संख्या में बाबा भक्त मौजूद थे।

